# सीएम आवास घेराव करने जा रहे आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज, वाटर कैनन का प्रयोग

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी आदमी पार्टी कर रही थी प्रदर्शन

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा का लाठीचार्ज में सिर फटा

डॉ. सुशील गुप्ता घायल, सैंकड़ों पदाधिकारियों को भी गंभीर चोटें

आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर लगाया जानलेवा हमला करने का आरोप

2 साल में 1 हजार के ऊपर रेड, डेढ़ हजार अफसरों की टीम लगी 5 रुपए भी बरामद नहीं हुए : डॉ. सुशील गुप्ता

चुनाव-प्रचार न कर सके इसलिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया : डॉ. सुशील गुप्ता

हमें न्यायालय पर पूरा विश्वास, सच्चाई की जीत होगी : डॉ. सुशील गुप्ता

भाजपा को गलतफहमी अरविंद केजरीवाल को जेल में बंद करके चुनाव जीत जायेंगे : अनुराग ढांडा

लोकतंत्र में राजनीतिक कार्यकर्ताओं के सिर में लाठियां मारकर खून बहाया गया : अनुराग ढांडा





**कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़, ।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी पदाधिकारियों और हजारों समर्थकों ने शनिवार को कुरुक्षेत्र में सीएम नायब सैनी के आवास का घेराव किया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने जा रहे आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और समर्थकों पर पुलिस ने वाटर कैनन समेत बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा लाठीचार्ज में गंभीर घायल हो गए। अनुराग ढांडा के सिर पर लाठियों से वार किया गया। वहीं डॉ. सुशील गुप्ता के शरीर और पैरों पर गंभीर चोट आईं। सैंकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने पुलिस पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों पर पुलिस ने बर्बरता दिखाते हुए पहले वाटर कैनन का प्रयोग किया इसके बाद सभी पर लाठीचार्ज कर दिया।इस दौरान 20 से ज्यादा को हाथ और पैर में फ्रेक्चर आए। वहीं बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं को चोटें आईं।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आज पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई हैं। जिसमें हमारें सैकडों कार्यकर्ता घायल हुए हैं। ये बड़ी शर्म की बात है कि जब जब पीएम मोदी डरता है तो पुलिस को आगे करता है और आज कुरुक्षेत्र में भी ऐसा ही हुआ। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल से भाजपा डरी हुई है। क्योंकि भाजपा की की विदाई निश्चित हो चुकी है। झूठे केस में 2 साल से सत्येंद्र जैन को और डेढ़ साल से मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर रखा है। अब उसी झूठे केस में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन भाजपा पिछले 2 साल में 1 हजार के ऊपर रेड करा चुकी है, डेढ़ हजार अफसरों की टीम लगी हुई है 5 रुपए भी बरामद नहीं हुए। उन्होंने कहा सुप्रीम ने भी इस केस में कहा है कि 4 दिन भी ये केस नहीं चल पाएगा। भाजपा को पता है मोदी को हटाने का काम अरविंद केजरीवाल ही करेगा। इसलिए आज अरविंद केजरीवाल को चुनाव-प्रचार से रोकना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल पर दबाव डालकर इंडिया गठबंधन को तोड़ना चाहते हैं, लेकिन अरविंद केजरीवाल इनकी गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं हैं और न ही इनके सामने झुकने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि जिनको कोयला चोर बताते थे पीएम मोदी ने उनसे हज़ारों-करोड़ रुपए लिए और अगले दिन उनको टेंडर भी दे दिया। अब इनके सारे रिकॉर्ड सामने आ रहे हैं। मीडिया में इलेक्टोरल बॉन्ड की बात ना चले इसलिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लिया। भाजपा के कहने पर ईडी ने एक और अलग से नोटिस दिया जिसको लेकर अरविंद केजरीवाल हाईकोर्ट में गए। हाईकोर्ट ने ईडी से नोटिस का जवाब मांगा था इन्होंने शांति नहीं रखी हाईकोर्ट कहीं स्टे ना कर दे रातों रात गिरफ्तार कर लिया। हमें भारत के संविधान और न्यायालय पर पूरा विश्वास है कि जीत सच्चाई की होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने गाय के मांस बेचने वालों से चंदा लिया है। भाजपा ऐसी पार्टी है जिन्होंने किसी को भी नहीं छोड़ा। भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है लेकिन उनकी सोच को कैसे कैद करेंगे। भाजपा हिंदुस्तान के इतिहास सबसे भ्रष्ट, वोट चोर और संविधान को खत्म करने वाली पार्टी है।

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र आज अन्याय, अधर्म और अत्याचार की गवाह बनी है। हम शांतिपूर्ण तरीके से यहां धरना प्रदर्शन करने के लिए आए क्योंकि इन्होंने कायरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए एक सिटिंग सीएम को रात के अंधेरे में गिरफ्तार करके जेल में डाला, उसके खिलाफ प्रदर्शन करने आए थे। लेकिन हम कब से कह रहे हैं कि इस देश में अब लोकतंत्र नहीं बचा। हमें लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन नहीं करने दिया, हमारे सिर पर लाठियां मारी हैं। किस लोकतंत्र में ऐसा होता है कि यदि कोई राजनीतिक कार्यकर्ता प्रदर्शन करे तो उनके सिर पर लाठियां मारकर उनका खून बहाया जाए और पुरुष पुलिसकर्मी महिलाओं की गर्दन पकड़े। इस तरीके को अत्याचार और अन्याय केवल भाजपा के राज में हो सकता है।

ये तानाशाही चला रहे हैं क्योंकि इनको पता है कि ये लोकतंत्र में टिक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस दिया था कि 22 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करें, कि आखिर क्यों पूछताछ करना चाहते हैं? लेकिन कानूनी प्रक्रिया का पालन न करते हुए, वहां पर जवाब देने की बजाय 2 घंटे के अंदर जो गिरफ्तारी हुई है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा डरी हुई है। 400 पार का नारा जरूर देती है, लेकिन इनको डर है कहीं 40 भी पार होगी या नहीं। इसलिए अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा कि कोड ऑफ़ कंडक्ट लगने के बाद सरकारी संस्थानों से सरकार का शिकंजा हट जाता है। लेकिन इसके बाद भी ईडी जैसी एजेंसी पॉलिटिकल इशारे पर काम कर रही है, इसका मतलब हम स्वस्थ लोकतंत्र में नहीं हैं। हम तानाशाही की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अगर वह सोच रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल को जेल में बंद करके चुनाव जीत जाएंगे तो यह भाजपा की गलतफहमी है।

अरविंद केजरीवाल एक सोच है जो देश के करोड़ों लोगों में बसती है। लोग विरोध भी करेंगे और भाजपा के खिलाफ वोट देकर इनका सूपड़ा साफ करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में क्लियर मैसेज है कि अरविंद केजरीवाल ने ऐसा क्या कर दिया? एक चवन्नी भी आज तक बरामद नहीं हो पाई। उसके बावजूद भी हमारे नेताओं को क्यों गिरफ्तार किया जा रहा है? लोग सवाल पूछ रहे हैं। इसका जवाब लोग अपने वोट के जरिए देंगे। अब सबके सामने स्पष्ट हो गया है कि घोटाले के अंदर कुछ नहीं है। यह राजनीतिक लड़ाई है। जिसको भाजपा एजेंसियों के जरिए लड़ना चाहती है। कांग्रेस के सारे अकाउंट फ्रीज कर देना और अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल देना, यह लोकतंत्र को कंप्रोमाइज करने की कोशिश है। लेकिन हमें न्यायालय से पूरी उम्मीद है और हम कानून व्यवस्था पर विश्वास करने वाले लोग हैं।

## सही मायनों में अब प्रजातंत्र जीवित हुआ है और संस्थाएं बिना किसी प्रभाव के दायित्व का निर्वाह कर रही हैं : अनिल विज

कांग्रेस ने तो इमरजेंसी के समय बिना दलील-अपील एक लाख से ज्यादा लोगों को अंदर कर दिया था : अनिल विज



**अम्बाला, ।** श्री विज हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी से विधायक श्री अनिल विज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले मामले में गिरफ्तारी पर पत्रकारों को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सही मायनों में प्रजातंत्र अब ही जीवित हुआ है, सभी संस्थाएं बिना किसी प्रभाव के अपने दायित्व का निर्वाह कर रही है।

श्री विज ने कहा कि राहुल गांधी केजरीवाल की तरफ ईशारा करके बोल तो रहे हैं मगर इनके (आम आदमी पार्टी) तीन आदमी जेल में है और कोर्ट इन्हें जमानत नहीं दे रही है। पुलिस माना गलती कर सकती है, मगर कोर्ट गलती नहीं करती तो कोर्ट ने जमानत क्यों नहीं दी।

वहीं केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे के बयान पर पलटवार करते हुए पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि जो जांच एजेंसियां है उनके पास सबूत है और तथ्य कोर्ट के सामने रखे गए हैं। इनको अपनी बात कहने का मौका मिला है। और खड्गे कैसे बोल सकते हैं, इन्होंने (कांग्रेस) 1975 में क्या किया था जब इमरजेंसी लगाई थी, तब बिना दलील-अपील एक लाख से ज्यादा लोगों को अंदर कर दिया गया था। अब सब एसओपी के मुताबिक सारी कार्रवाई की जा रही है।

## देश में भाजपा सरकार ने पैदा किए अघोषित आपातकाल जैसे हालात, विपक्षी दलों से की जा रही द्वेष की राजनीति : चौधरी रामकिशन गुज्जर

विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से कमज़ोर करने की कोशिश कर रही भाजपा की अहंकारी सरकार - चौधरी रामकिशन गुज्जर

झूठे आरोपों में फंसा विपक्ष के नेताओं को जनता से दूर करनी की भाजपा द्वारा रची जा रही साजिश-चौधरी रामकिशन गुज्जर

कांग्रेस के बैंक खाते फ्रिज करके भाजपा ने लोकतंत्र को किया फ्रीज- चौधरी रामकिशन



**चंडीगढ़ ।** भाजपा सरकार ने देश में अघोषित इमरजेंसी लगा रखी है और यह सरकार विपक्ष की आवाज को कुचलने का काम कर रही है। यह कहना है हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी रामकिशन गुज्जर का। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने कांग्रेस पार्टी के अकाउंट को फ्रिज करके देश के लोकतंत्र को ही फ्रिज कर दिया है।

उन्होंने कहा कि देश में आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। रामकिशन ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन-फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की गई कार्रवाई, इसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होती है।

चौधरी रामकिशन ने कहा कि चुनावी चंदे के लेन-देन में अपारदर्शिता, कांग्रेस के खातों को फ्रिज करने और विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाने की कार्रवाई के विरुद्ध तमाम लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं से छेड़छाड़ और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का ह्रास, देश के लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है।

उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल-डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी के दाम बढ़ रहे हैं। आटा, घी, पनीर, दूध, छाछ तक पर जीएसटी थोप दी है। महंगाई बढ़ रही है और लोगों की आय घटती जा रही है। क्योंकि आज बेरोजगारी अपने चरम पर है, लेकिन सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। और यह सरकार अपने तानाशाही रवैए के साथ जनता को परेशान कर रही है।

## अगले दो महीने चुनाव से महत्वपूर्ण कोई कार्य नहीं : डीसी

चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत अपनी ड्यूटी का निर्वहन करे चुनाव प्रबंधन से जुड़े अधिकारी: डीसी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बैठक में चुनाव प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पोर्टल तथा मोबाइल एप्प की दी जानकारी

चुनाव से जुड़ी विभिन्न अनुमति के लिए सुविधा व इनकोर ऐप का इस्तेमाल कर सकेंगे उम्मीदवार व चुनाव प्रबंधन से जुड़े अधिकारी



**गुरूग्राम, ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए चुनाव के तहत जो उनकी डयूटी लगाई गई है, उसके तहत उन्हें बारीकी से जानकारी देते हुए चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत अपनी डयूटी का निर्वहन करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले दो महीने चुनाव से महत्वपूर्ण कोई कार्य नही है ऐसे में बेहतर समन्वय के साथ हिदायतों की पालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए चुनाव आयोग की जो हिदायतें हैं उसके बारे उन्हे विस्तार से जानकारी दी और सम्बनधित अधिकारियों की जो डयूटी लगाई गई है, नियमों की पालना करते हुए उसे कैसे करना है, उस बारे भी उनका मार्गदर्शन किया। चुनाव के तहत फ्लाईंग स्कवायड टीम, वीडियो सर्विलांस टीम व अन्य सम्बनधित अधिकारियों की क्या डयूटी तय की गई है, उस बारे भी उन्हें जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गये सीविजल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत अब आम नागरिक भी इस पर दर्ज करवा सकता है। सीविजल एप पर शिकायत आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई टीम मौके पर जाकर कार्यवाही करेगी और समस्या का निदान करेगी।

चुनाव से जुड़ी विभिन्न अनुमति के लिए सुविधा व इनकोर ऐप का इस्तेमाल कर सकेंगे उम्मीदवार व चुनाव प्रबंधन से जुड़े अधिकारी

डीसी ने बताया कि इस बार निर्वाचन विभाग ने लोकसभा चुनाव को लेकर कई बदलाव किए हैं। इसके तहत प्रत्याशियों को इस बार सभा, प्रचार सामग्री लगाने को जगह चिन्हति करने की अनुमति को लेकर निर्वाचन विभाग कार्यालय के ज्यादा चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए विभाग ने अबकी बार सुविधा एप लॉन्च किया है। इसके माध्यम से प्रत्याशी सभा करने की अनुमति आदि के लिए ऑनलाइन ही आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद विभाग नियमानुसार ऑनलाइन ही अनुमति पत्र जारी कर देगा। वहीं निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों और चुनाव प्रबंधन के लिए इनकोर ऐप तैयार किया है। इनकोर नोडल ऐप के माध्यम से अग्निशमन, शिक्षा, पुलिस, पर्यावरण और लोक निर्माण जैसे विभाग रैली, रोड-शो और बैठकों के आयोजन के लिए राजनीतिक दल या उम्मीदवारों से प्राप्त अनुमति अनुरोध पर अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी कर सकेंगे।

बैठक में एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला में सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, समाचारों और पेड न्यूज पर की लगातार निगरानी रखी जा जाएगी। वहीँ प्रिंट मीडिया के संबंध में मतदान के दिन व उससे एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए पूर्व अनुमति ली जानी होगी। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में धार्मिक स्थल, सेना व सेना से जुड़े प्रतीक चिन्ह सहित बच्चों को दिखाने की मनाही है।

बैठक में गुरूग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव के दौरान अवैध व अधिक निर्वाचन व्यय को रोकने के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। आयोग ने ईएसएमएस सॉफ्टवेयर यानि इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम को तैयार किया है,जो कम्प्यूटर के डेस्कटॉप पर मौजूद रहेगा। साथ ही इसका एप मोबाइल पर भी डाउनलोड हो सकेगा। ईएसएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम चुनाव के दौरान तैनात फ्लाइंग स्क्वायड टीम यानि एफएसटी औरस्टैटिक सर्विलांस टीम यानि एसएसटी द्वारा जब्त की सामग्रियों से संबंधित रिपोर्ट दर्ज होगी। जिसमें अवैध कैश, शराब, मतदाताओं को प्रलोभित करने वाली सामग्री जब्त होने पर उसे ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। इसके साथ ही अवैध सामग्रियों से संबंधित रिपोर्ट को ईएसएमएस सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। जिससे कि एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उचित कार्रवाई हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में धनबल की रोकथाम के लिए सभी बैंकों को कैश मूवमेंट के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की सुविधा दी गयी है। उदाहरण के लिए कोई उम्मीदवार जब चुनाव खर्च के लिए अपने बैंक खाते से कैश की निकासी करेगा तो बैंक द्वारा उसे क्यूआर कोड दिया जाएगा जिसे वो रास्ते मे चैकिंग के समय जांच अधिकारी को दिखा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस क्यूआर कोड में कितना कैश निकाला गया, कहां ले जाया जा रहा है, किस वाहन में व वाहन चालक कौन है यह सभी जानकारी होगी। बैठक में डीसी ने एक बार फिर सभी नोडल अधिकारियों को चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत चुनाव से सम्बनधित जो दायित्व एवं कार्य उन्हें दिया गया है उसे बेहतर समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त बलप्रीत सिंह, बादशाहपुर के एसडीएम विश्वजीत चौधरी, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, सीटीएम कुंवर विक्रम आदित्य सहित चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।